# UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY
## उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
Teenpani By-pass Road, Haldwani, Nainital- 263139 (Uttarakhand)
तीनपानी बाई-पास रोड, हल्द्वानी, नैनीताल- 263139 (उत्तराखण्ड)
फोन (Phone) 05946-286061, फैक्स (Fax) 05946 – 264232
ई-मेल (E-mail) info@uou.ac.in


पत्रांकः UOU/RSD/2014/852/Vol.1/16128 / 1389 दिनाँक-19 / 02 / 2024

सेवा में,
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
किच्छा
जिला–ऊधमसिंह नगर
उत्तराखण्ड–263148

विषय–एम0ओ0यू0 नवीनीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

अध्ययन केन्द्र संचालन हेतु उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के मध्य हस्ताक्षरित हुए समझौता ज्ञापन अनुबंध (एम0ओ0यू0) की वैधता दिनाँक 07 / 01 / 2024 को समाप्त हो चुकी है। मा0 कुलपति जी से प्राप्त स्वीकृति के क्रम में, कुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी एवं प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, किच्छा जिला–ऊधमसिंह नगर **(अध्ययन केन्द्र कोड़–16128)** के मध्य समझौता ज्ञापन अनुबंध का नवीनीकरण किया जाना है।

आपसे आग्रह है कि अध्ययन केन्द्र संचालन हेतु समझौता ज्ञापन अनुबंध (एम0ओ0यू0) को नवीनीकृत करवाने का कष्ट करें। समझौता ज्ञापन अनुबंध नवीनीकरण की कार्यवाही के लिए प्राचार्य अथवा प्राचार्य द्वारा नामित वरिष्ठ प्राध्यापक ही अधिकृत होंगे। नवीनीकरण हेतु महाविद्यालय प्राचार्य की मुहर, Rs 100/- Non Judicial e-Stamp (First Party-Registrar Uttarakhand Open University, Haldwani के नाम), महाविद्यालय में संस्थागत रूप में संचालित समस्त विषयों की मान्यता / सम्बद्धता प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति एवं विषय अनुसार कार्यरत प्राध्यापकों (काउन्सलर) की सूची (नाम / पदनाम / विषय / मोबाइल न0 सहित) साथ लाने का कष्ट करें। एम0ओ0यू0 नवीनीकरण की कार्यवाही विश्वविद्यालय मुख्यालय, हल्द्वानी में सम्पादित की जाएगी।

**अध्ययन केन्द्र में विगत सत्रों (03 वर्ष) में विद्यार्थियों का पंजीकरण छात्र संख्या अत्यधिक कम होने के कारण मा0 कुलपति जी द्वारा यह भी अपेक्षा की गई है कि अध्ययन केन्द्र द्वारा आगामी सत्रों में शिक्षार्थियों के पंजीकरण में बढोत्तरी की जायेगी।**

भवदीय,
19/02/24
सहा0 क्षेत्रीय निदेशक, हल्द्वानी
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय